Sixteenth Loksabha

>

Title: Issue regarding of safety of girls in Bihar.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा): सभापति महोदय, बिहार में लगातार समाज के कमजोर तबके, वंचित लड़कियों के साथ, अबलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है। …(व्यवधान) भबुआ में एक दलित बच्ची के साथ बलात्कार कर के उसको मार दिया गया। …(व्यवधान) इसी तरह गया में अंजना पटवा, प्रियांशु पटेल, रानीगंज में, नरपतगंज में नौ साल की बच्चियों के साथ बलात्कार किया गया।…(व्यवधान) कल रात माता-पिता घर में नहीं थे, भाई को बांध कर किशनगंज में एक मासूम बच्ची के साथ छह लोगों ने बलात्कार किया। …(व्यवधान) रातभर दरिंदगी के साथ किशनगंज में बलात्कार करते रहे। …(व्यवधान) महोदय, बिहार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। …(व्यवधान) एक भी बच्ची सुरक्षित नहीं है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति: डॉ. कुलमणि सामल श्री राजेश रंजन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: यह राज्य सरकार का मामला है।

…(व्यवधान)